संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 29 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार। कोस्टगार्ड, गुजरात एटीएस और एनसीबी का संयुक्त ऑपरेशन।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 117 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा।" -भागवद्

### मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।" -स्वामी विवेकानंद

## 'तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य'

= शहजादे ने राजा-महाराजाओं का अपमान किया, वायनाड सीट जीतने के लिए कांग्रेस पीएफआई की मदद ले रही

**वोटबैंक**

**8 राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं, नवाबों, बादशाहों और के खिलाफ बोलने की ताकत नहीं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 28 अप्रैल को कर्नाटक दौरे पर रहे। मोदी ने कहा- कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। उन्होंने पहले कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाए फिर ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा- कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा- तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे हमारी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक माध्यम के रूप में इसका इस्तेमाल कर रही है। वायनाड (राहुल गांधी की संसदीय सीट) में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है। शाम को मोदी बेल्लारी में जनसभा करेंगे।

**कोरोना वैक्सीन से लेकर ईवीएम तक हर चीज पर सवाल उठाए :** भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।

**हुबली कॉलेज में हत्या हुई, कांग्रेस ने यहां भी तुष्टिकरण किया: पीएम** ने हुबली के एक कॉलेज में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है।

### कांग्रेस ने कैफे ब्लास्ट को कह दिया सिलेंडर फटा

**प्रधानमंत्री** ने बेंगलुरु के कैफे में हुए बम धमाके का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- बेंगलुरु के कैफे में धमाका हुआ तो भी कांग्रेस की सरकार में गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है?

**कांग्रेस के शहजादे हमारे राजा-महाराजाओं को अत्याचारी कहते हैं:** कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे।

### औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़ा, कांग्रेस समर्थक पार्टियों के साथ

**कांग्रेस** को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।

**कांग्रेस की नजर स्त्री धन पर, ये एक्स-रे कराने की योजना बना रहे :** हम देश की महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। और दूसरी ओर, कांग्रेस आपकी संपत्ति, आपके सोने, स्त्री धन, मंगलसूत्र और न जाने क्या-क्या का 'एक्स-रे' कराने की योजना बना रही है। कांग्रेस का लक्ष्य आपके घरों पर छापे मारना और आपके अधिकारों और संपत्तियों को छीनना है। कांग्रेस आपकी संपत्ति को अपने पसंदीदा वोट बैंक में बांटने की बात करती है।

## ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी की शादी हो चुकी: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**केंद्रपाड़ाः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार को ओडिशा पहुंचे। उन्होंने केंद्रपाड़ा में रैली में कहा- ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी की शादी हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीच गठबंधन है। पीएम मोदी ने केंद्र में 22-25 अरबपतियों की सरकार चलाई। वही काम ओडिशा में नवीन बाबू कर रहे हैं। राहुल ने कहा- इसका पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों को होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है। तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस की शादी थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी और ड्रामेबाजी होती थी।

कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में दिखाया कि भाजपा और बीआरएस एक हैं और अगर विपक्ष का कोई काम कर रहा है तो वो कांग्रेस पार्टी कर रही है। ओडिशा में भी कुछ यही हाल है।

**ओडिशा के लिए 5 गारंटी गिनाईः** राहुल गांधी ने ओडिशा के लिए पांच गारंटी गिनाई। उन्होंने कहा- ओडिशा में महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए, बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3,000 रुपए, 200 यूनिट फ्री बिजली, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और धान के लिए 3,000 रुपए/क्विंटल।



**ड्रामेबाजी**

**8 दिल्ली वाले अंकल और नवीन पटनायक ने मिलकर आपका पैसा लूटा: कांग्रेस नेता राहुल गांधी**

## ईरान में फंसे 16 भारतीय जल्द होंगे रिहा

**नई दिल्ली**

**ईरान** की ओर से पकड़े गए पुर्तगाली ध्वज वाले जहाज के 16 भारतीय समेत चालक दल को जल्द रिहा कर दिया जाएगा। उन्हें कांसुलर पहुंच प्रदान की गई है। ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-बदोल्लाहियन ने शनिवार को अपने पुर्तगाली समकक्ष पाउलो रंगेल से फोन पर बातचीत में यह भरोसा दिया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने 13 अप्रैल को होर्मुज स्ट्रेट में इजरायल से जुड़े पुर्तगाली ध्वज वाले एमएससी एरीज को जब्त कर लिया था।

## 'आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**एटाः** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह "राजू भैया" के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा।



## बुझी नैनीताल के आसपास की आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीतालः** नैनीताल जनपद मुख्यालय में कमोवेश जंगलों को पूरी तरह से राख करने के बाद आग कमोवेश बुझा दी गयी है। इसके साथ हेलीकॉप्टर से आग बुझाने का अभियान भी थम गया है। दूसरी ओर आज रविवार को भी नैनीताल जनपद में आग लगने की 43 सूचनाएं सामने आयी हैं। ताजा हालात यह हैं कि जनपद मुख्यालय से लेकर भीमताल तक आसमान में लगातार बांबी बकेट के साथ दौड़ रहे भारतीय सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर का शोर फिलहाल थम गया है।

## नाराज दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने दिया इस्तीफा

**इस्तीफा मंजूर**

**8 लवली ने पक्ष में लिखा मजबूरी में गठबंधन लेकिन आप प्रोपेगेंडा को समर्थन सही नहीं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने पत्र में लवली ने कहा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पार्टी को मजबूती देने के लिए है लेकिन आप पार्टी के विकास के झूठ प्रोपेगेंडा को समर्थन देना सही नही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में उन्होंने प्रदेश कार्य समिति और पार्टी कार्यकर्ताओं के सुझावों को नजरअंदाज किए जाने का मुद्दा उठाया है। लवली ने उत्तर पूर्वी और उत्तर पश्चिमी दिल्ली के उम्मीदवारों के चयन पर सवाल खड़े किए हैं। अपने पत्र में उन्होंने कहा है, अगर मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के हित की रक्षा नहीं कर सकता तो मुझे पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह लवली को पिछले साल अगस्त में प्रदेश कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंप गई थी। लवली ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ही सारे निर्णय ले रहे हैं। उन्हें और ना ही प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सुझावों पर कोई अमल किया जा रहा है। अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश कार्य समिति की नाराजगी से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस अध्यक्ष का ध्यान दिलाया। लवली ने अपने पत्र में कहा कि आप पार्टी के ज्यादातर मंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री केजरीवाल भ्रष्टाचार के मामले में जेल में हैं। इन सब के बावजूद केंद्रीय इकाई के कहने पर प्रदेश के कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर सहमत हुए हैं।

## वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली मिसाइलों से लैस हुए लड़ाकू विमान

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** चीन के साथ सीमा पर तनाव के मद्देनजर भारत अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। स्वदेश में रक्षा उपकरण बनाने के साथ ही मित्र देशों से अत्याधुनिक मिसाइलें और सैन्य उपकरण खरीद कर भी लड़ाकू विमानों के बेड़े की मारक क्षमता बढ़ाई जा रही है। इसी सिलसिले में वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

**250 किमी तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम :** सुपरसोनिक या आवाज से अधिक गति वाली रैम्पेज 250 किलोमीटर तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वायुसेना ने सुखोई -30 एमकेआई और मिग -29, जगुआर लड़ाकू विमानों को रैम्पेज मिसाइलों से लैस किया है। नौसेना ने मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों के लिए मिसाइलों को अपने बेड़े में भी शामिल किया है। वायुसेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रैम्पेज को बनाया जा सकता है।

## भारत कहीं नहीं झुका और न ही कभी झुकेगा: राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबादः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है और भारत कभी नहीं झुकेगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए अहमदाबाद में आए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। नरेंद्र मोदी सरकार पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चीनी आक्रामकता को लेकर लगाए आरोप के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत अब कमजोर नहीं है। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा, मैं समझता हूं कि हमें वार्ता के नतीजे का इंतजार करना चाहिए, लेकिन मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कहीं भी झुका नहीं है और न ही कभी झुकेगा। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है आगे चलकर और बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 2014 में हमने 600 करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री का निर्यात किया था, लेकिन अब यह आंकड़ा 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया है।



**अच्छे संबंध**

**8 भारत अब कमजोर नहीं है। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है : राजनाथ सिंह**

## भारतीय मसालों पर अब अमेरिका जुटा रहा जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में कथित तौर पर कीटनाशक पाए जाने के मामले में अमेरिका भी जानकारी जुटा रहा है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन आक्साइड पाया गया जिससे कैंसर होने का खतरा होता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है। हम इस बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहे हैं। गौरतलब है कि हांगकांग के सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने को कहा है।

## मोदी के हाथों में आज सुरक्षित है भारत: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आंवलाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आज मोदी के हाथ में भारत सुरक्षित है। 2014 के पहले ऐसा नहीं था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज आतंकवाद, नक्सलवाद का समाधान हो गया है। अब कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता फिरता है। यह वही भारत है लेकिन आज एम्स बन रहे हैं, हाईवे बन रहा है। स्वास्थ बीमा का कवर दिया जा रहा है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है। मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए गए। होली और दिवाली पर महिलाओं को गरीबों को मुफ्त में गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। जनता से कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों से पूछिए। उन्हें लंबे समय तक सत्ता में रहने का अवसर जनता ने दिया, उन्होंने क्या किया। योगी ने कहा कि देश के सामने सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं, देश के अन्नदाता किसान की आत्महत्या का दोषी कौन है। तुष्टीकरण करने का दोषी कौन है।



**देश सुरक्षित**

**8 आज आतंकवाद, नक्सलवाद का समाधान हो गया है। पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता फिरता है**

## 'ओवैसी धर्म और गोमांस के बारे में करते हैं बात'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता ने चुनाव आयोग से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ओवैसी बाबरी मस्जिद के नाम पर वोट मांग रहे हैं, धर्म और गोमांस पर चर्चा कर-के लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। उन्होंने ओवैसी पर लोगों से गौहत्या करने और गोमांस खाने के लिए कहने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या मुसलमानों के पास गोमांस खाने के अलावा जीवन में कुछ और करने के लिए नहीं है।

**वोट की अपील** किन्नौर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित कर कंगना के लिए मांगे वोट

## देश में इस समय मोदी की लहर चल रही: जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**

**किन्नौरः** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश में इस समय मोदी की लहर चल रही है। दस साल के काम को देखकर देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि आएगा तो मोदी ही। देश के लोग किसी नेता पर इस तरह से विश्वास अकारण ही नहीं कर रहे हैं। इसके पीछे नरेन्द्र मोदी के दस साल की मेहनत हैं। उनके द्वारा देश के लोगों के लिए किए गए काम हैं। दस साल में जो हुआ वह पिछले सत्तर सालों में भी नहीं हो पाया। चाहे आज किन्नौर और बॉर्डर एरिया की सडके हों या नेटवर्क से लेकर अन्य तरह की कनेक्टिविटी। हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। किन्नौर के लोग भी इसके गवाह हैं। प्रधानमंत्री की योजनाएं लोगों तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पहुँची हैं। पहले के प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से एक रुपया निकलता है तो 85 पैसे बिचौलिये खा जाते हैं लेकिन मोदी ने ऐसा प्रबंध किया की एक भी पैसा बिचौलिये नहीं ले सकते। जो दिल्ली से आता है वह किन्नौर के दूर से दूर बैठे व्यक्ति को पूरा का पूरा मिलता है। उनके इसी कामों से देश के लोग इस बार भाजपा को चार सौ से ज्यादा सीटें दे रहे हैं हिमाचल भी चार की चार सीटें देकर प्रधानमंत्री को मजबूती देगा।उन्होंने किन्नौर से जुड़ी यादे साझा करते हुए कहा कि यहां आकर बहुत खुशी मिलती है। किन्नौर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हैं।

ऐसे-ऐसे मामले सामने आए हैं जो पहले कभी नहीं हुए थे। लेकिन मुख्यमंत्री ने पुलिस को अपने विधायकों की रखवाली करवाने और विपक्ष के नेताओं की जासूसी करवाने में लगा रखा है।



**दावा**

**8 देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि आएंगे तो मोदी ही: पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर**

## 'संघ ने आरक्षण का विरोध नहीं किया'

**टीम एक्शन इंडिया**

हैदराबादः आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है, लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव जारी हैं। दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं और पांच चरण अभी बाकी हैं। हालांकि, संघ का साफ कहना है कि वह किसी भी प्रकार से राजनीति में नहीं है। इसके पहले भी कई पार्टियों के नेता भाजपा और आरएएस पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे। वहीं, अब चुनावी समय में इसी दावे के साथ वीडियो सकुर्लेट हो रहा है, जिस पर मोहन भागवत ने सफाई दी है।



मोहन भागवत ने कहा, कल मैं यहां आया तो पता चला एक वीडियो घूम रहा है, जिसमें कहा जा रहा है संघ वाले बाहर तो आरक्षण की बात करते हैं, लेकिन अंदर आरक्षण का विरोध है, बाहर हम बोल नहीं सकते। ये एकदम असत्य बात है, गलत बात है। जब से आरक्षण आया है, तब से संविधान सम्मत आरक्षण को संघ पूर्ण समर्थन देता है और कहता है, आरक्षण जिनके लिए है, उनको जब तक आवश्यक लगेगा या सामाजकि कारणों से दिया गया है। वो भेदभाव जब तक है तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि संघ की राय है कि जब तक जरूरत हो तब तक आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए।

**स्पष्ट किया**

**8 संविधान सम्मत आरक्षण को संघ पूर्ण समर्थन देता है, आरक्षण जिनके लिए है, आरक्षण जारी रहना चाहिए: संघ**

# पंजाबी सिंगर शिवजोत ने अभिलाषी यूनिवर्सिटी के परिवर्तन कल्चरल फेस्टिवल में मचाया धमाल

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** अभिलाषी यूनिवर्सिटी में चल रहे परिवर्तन कार्यक्रम में हुई रात्रि संध्या में पंजाब के मशहूर गायक शिवजोत ने खूब धमाल मचाया। जिला मंडी के चैलचौक स्थित अभिलाषी यूनिवर्सिटी में शिवजोत ने मंच पर पंहुचते ही पंजाबी गानों से सभी का मन मोह लिया और कोई भी खुद को नाचने से रोक नही पाया। उन्होंने मंच संभालते ही पंजाबी गाने शरारा, प्लाजो, प्लाजो 2, पंजेबा, मोटी मोटी अख गाने गाकर खूब समां बांधा। वहीं इसी के साथ हिमाचल के प्रसिद्ध फ ोक रॉक बैंड अभिज्ञा ने भी अपनी शानदार धुनों और गीतों से सबका मन मोह लिया। अभिलाषी यूनिवर्सिटी के छात्रों ने द ग्लैमर विद कैटवॉक फैशन शो में विभिन्न परिधानों और आर्मी थीम पर रैंप वॉक करी। इस फैशन शो की प्रतिस्पर्धा के आधार पर मिस्टर परिवर्तन का खिताब दिवांश और मिस परिवर्तन केशिका को चुना गया। वहीं भास्कर मिस्टर पर्सनेलिटी व कृतिका मिस पर्सनेलिटी बने। बेस्ट कपल वॉक में निशांत अभिलाषी एंड अन्वी और अतीक एंड गुंजन को नवाजा गया।



वहीं परिवर्तन 2024 कल्चरल फेस्ट के दूसरे दिन भी छात्रों का विभिन्न प्रतियोगिताओं में भरपूर जोश बना रहा। सभी विभागों के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी जैसे ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, स्किट, पहाड़ी नाटी इत्यादि। इन सभी प्रतिस्पधाओं में सोलो सॉन्ग में प्रथम हिमा, द्वितीय हितेश, तृतीय श्रद्धा, सोलो डांस में प्रथम दिशा नड्डा और द्वितीय कशिका, डुएट सॉन्ग में प्रथम ज्योति एंड पल्लवी और द्वितीय श्रद्धा एंड अनीशा एग्रुप सॉन्ग में प्रथम आदित्य एंड ग्रुप और द्वितीय कनिका एंड ग्रुप, ग्रुप डांस में प्रथम पूर्णिमा और भुवनेश्वरी और द्वितीय भावना और शिवानी, नाटी में प्रथम आयुवेर्दा विभाग और द्वितीय एग्रीकल्चर, स्किट में प्रथम रितेश ग्रुप (एजुकेशन) और द्वितीय वरधान ग्रुप (फ ार्म डी), भांगड़ा में प्रथम आयुवेर्दा और द्वितीय फि जियोथेरेपी, बॉलीवुड डांस में प्रथम फ ामेर्सी और द्वितीय वेटरनरी विभाग रहे। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अभिलाषी यूनिवर्सिटी के चांसलर डा. आरके अभिलाषी ने शिरकत की और छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कल्चरल फेस्टिवल के आयोजन हेतू अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने विभिन प्रस्तुतियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

इसी मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी और राकेश गुप्ता मौजूद रहे। अभिलाषी विवि के वाइस चांसलर प्रोफेसर एचएस बनयाल, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा अभिलाषी, सदस्यों व छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# देवताओं की शाही जलेब के साथ पाली मेला धूमधाम के साथ शुरू

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** द्रंग क्षेत्र की अराध्य देवी माता चामुंडा भगवती मसेरन (द्रंग) को समर्पित तीन दिवसीय किसान मेला पाली धूमधाम के साथ शुरू हुआ। माता चामुंडा भगवती ने अपने शह के पास देव खेल ली और पूजा अर्चना के साथ इस मेले का विधिवत शुभारंभ किया। द्रंग क्षेत्र के अराध्य देव श्री पाईंदल ऋ षि डोलरा भगवती के रथ के साथ शामिल रहे। माता चामुंडा भगवती के सानिध्य में देवताओं की भव्य जलेब निकाली गई। देव पाईंदल ऋ षि डोलरा, देव पाईंदल ऋ षि द्रंग सिरा सिलग, माता चतुभुर्जा पाली, माता नैना भगवती कुलांदर, देव काली नारायण माना, माता चामुंडा हुल्लू, नव दुर्गा भराड़ा सहित एक दर्जन देवताओं के रथ जलेब में शामिल हुए। मेला का शुभारंभ क्षेत्र के समाज सेवी द्रुपत मेहता ने रीबन काटकर किया। मेला कमेटी अध्यक्ष जया स्वरूप ठाकुर ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मेला की क्षेत्र वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पाली मेला वर्ष 1969 में शुरू किया गया है। शुरूआती दौर में मेला में माता चामुंडा भगवती मसेरन और देव पाईंदल ऋ षि डोलरा शरीक हुआ करते थे। आज एक दर्जन देवता मेला की शोभा बढ़ाए हुए हैं। उन्होंने मेला के सफ ल आयोजन को 11000 रुपए की राशि दी। इस मौके पर स्कूली बच्चों, महिला मंडलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। समारोह में पंचायत प्रधान जयास्वरूप ठाकुर, मेला कमेटी अध्यक्ष हेमंत कुमार, पंचायत उप प्रधान जीत राम ठाकुर, सिलग के उप प्रधान राजिंद्र कुमार उर्फ काकू, वार्ड सदस्य तेज राम ठाकुर, सुरेंद्र कुमार ठाकुर उर्फ गुड्डू डॉक्टर, मीना देवी दलीप शर्मा, सहित आदि मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### मोदी है तो मुमकिन है, भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है : बिंदल

**चमन शर्मा**



**शिमला:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की मोदी है तो मुमकिन है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। भारत आज विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अथक मेहनत है जिसके कारण आज देश बुलंदियां छू रहा है। उन्होंने कहा की भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए था। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढकर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है। पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। उन्होंने कहा की भारत के गोल्ड रिजर्व में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौन विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568०264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और भाजपा का जो संकल्प है इसमें स्पष्ट है कि 2047 में भारत विकसित भारत होगा। यह संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है क्योंकि हमारे देश के पास पीएम मोदी के रूप में एक सशक्त एवं शक्तिशाली नेतृत्व है जिसका डंका पूरे विश्व में बजता है।

# स्टोन क्रशर की गाड़ी से डीजल चुराने पर दो गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊना:** थाना हरोली के तहत जनन खड्ड स्थित स्टोन क्रशर से चालक द्वारा डीजल चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर डीजल चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पवन कुमार निवासी बालीवाल व करण सिंह निवासी सलोह के रूप में हुई है। जिनके पास से 25 लीटर डीजल व डीजल को ट्रक से बाहर निकालने के लिए प्रयोग की गई पाइप बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जसपाल सिंह निवासी अमृतसर पंजाब ने बताया कि मेरे रिश्तेदार राजन शर्मा निवासी कुल्लू का जननी खड् में स्टोन क्रैशर है। यहां पर ज्यादातर कामकाज संभालता हूं। पिछले कुछ समय से स्टोन क्रेशर में लगी गाडियों से डीजल चोरी होने का सहयोगियों तथा कर्मचारियों से पता चला था। चोरी की जानकारी मिलने पर एक कर्मचारी की तैनाती की, जिसके बाद शनिवार को पवन कुमार करण सिंह को डीजल की चोरी करते हुए रंगे हाथ काबू किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर दोनों को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

# कांग्रेस ने डेढ़ वर्ष में नहीं की कोई उपलब्धिः विनय गुप्ता

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी सिरमौर जिला के दौरे पर है और उन्होंने नाहन विधानसभा क्षेत्र का भी दौरा किया। मगर उनके पास लोगों के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है। यह बात प्रेस को जारी संयुक्त बयान में सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग,भाजपा मण्डल अध्यक्ष नाहन प्रताप ठाकुर, मनीष चौहान और आर आर शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कोई भी ऐसा काम अपने इस कार्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश के भीतर नहीं कर पाई है जिसको लेकर कांग्रेस उम्मीदवार लोगों के बीच जाए।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार को यह बताना चाहिए कि आखिर उन्होंने पूर्व सरकार द्वारा लोगों की मांग पर खोले गए संस्थानों को क्यों बंद कर दिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार के समय में नाहन विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्यालय पूर्व भाजपा विधायक डॉ. राजीव बिंदल के प्रयासों से खोले गए थे मगर कांग्रेस ने बदले की भावना से काम करते हुए सत्ता में आते ही इन कार्यालय को बंद करवा दिया जिसका खामियाजा संबंधित इलाकों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को यह भी बताना चाहिए कि उनके पिता ने बतौर सांसद रहते हुए सिरमौर जिला में क्या विकास कार्य करवाए। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि भाजपा के सांसद व शिमला सीट से प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पांच साल के कार्यकाल भी कई विकासात्मक कार्य शिमला संसदीय क्षेत्र के भीतर कार्रवाई है जिससे सिरमौर जिला भी अछूता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में सिरमौर जिला से बड़ा समर्थन भाजपा उम्मीदवार को मिलने वाला है।

# आरिफ मोहम्मद ने राज्यपाल शिव प्रताप से भेंट की



**शिमला:** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान अपने तीन दिवसीय हिमाचल दौरे के दौरान आज राजभवन शिमला पहुंचे। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उनका स्वागत किया। आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

# ईओ मस्त, विकास कार्य त्रस्त, पार्षदों ने ईओ के खिलाफ खोला मोर्चा

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** भाजपा समर्थित नगर परिषद ने कार्यकारी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए है। भाजपा समर्थित पार्षदों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर कहा कि बीते 3 सालों में नगर परिषद के सदन में जितने भी प्रस्ताव पास हुए उनमें से 80 प्रतिशत प्रस्ताव पर कोई कार्य नहीं हुआ और ना ही कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। देश की सबसे दूसरी पुरानी नगर परिषद नाहन में भाजपा समर्थित पार्षद नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की कार्यप्रणाली से खफा है। आरोप है कि नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के कार्यों को गंभीरता से नहीं लेते जिससे शहर के विकास कार्यों में रोक लगी हुई है। उन्होंने कहा कि शहर में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प है और कार्यकारी अधिकारी अवैध अतिक्रमण करने वालों व नगर परिषद के भ्रष्टाचार में सम्मिलित कर्मचारियों को बचाने का काम कर रहे है। जिसको लेकर अब भाजपा समर्थित नगर परिषद के पार्षदों ने लिखित रूप से उच्च अधिकारियों को एक पत्र लिख कार्यकारी अधिकारी के सस्पेंशन तक की मांग उठा दी है। मीडिया से रूबरू हुए भाजपा समर्थित पार्षद विक्रम, नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा पुंडीर, अशोक विक्रम, मंजीत और संध्या अग्रवाल आदि ने कहा कि शहर में अतिक्रमण करने वालों का राज है शहर में लगातार अतिक्रमण जारी है। नगर परिषद कर्मचारी शहर में रेहडी फ ड़ी वालों की पर्ची काटने के नाम पर धांधलीया कर रहे हैं सरेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। रेहडी-फ ड़ी वालों से नगर परिषद के कर्मचारी फ्र ी फं ड में सब्जियों व अन्य सामान अपने घर भिजवा रहे हैं। पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद से जुड़े किसी भी मामले को लेकर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी की कार्रवाई संतोष जनक नहीं है। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसे प्रस्ताव कार्यकारी अधिकारी के सामने रखे गए थे जिसमें आवश्यक कार्रवाई कमेटी के नियमों के उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ की जानी थी। मगर उनके द्वारा वह कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के महिला केंद्र में रात के समय कुछ पुरुष के जाने का मामला सामने आया था और उस पर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसकी वीडियो फोटो तक सामने आई और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को कार्रवाई करने के लिए दी गई। बावजूद इसके कोई कार्रवाई आज तक नहीं हुई।



# भाजपा ने किया शिक्षा का बेड़ा गर्क, हमने किए सुधारः रोहित

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने गत दिवस को जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा है कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का बेड़ा गर्क हुआ और गुणात्मक शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग देश भर में 18वें स्थान पर पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पिछले लगभग डेढ़ वर्ष में अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आरम्भ की, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यवसायिक शिक्षा में सुधार के लिए भी निरंतर प्रयास कर रही है ताकि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा विभाग में 7000 से अधिक जेबीटी, टीजीटी पीजीटी तथा कॉलेज लैक्चरर के पद सीधी भर्ती तथा बैचवाइज के आधार पर भर रही है ताकि अध्यापकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई में बाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए सभी स्तर के स्कूलों में संसाधनों के सांझे प्रयोग के लिए स्कूल क्लस्टर योजना भी आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में इसी सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाई आरम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 6000 से अधिक प्राइमरी स्कूलों में प्री नर्सरी की कक्षाएं शुरू की गई हैं, जिसके लिए नर्सरी टीचर के पद सृजित कर उन्हें भरने की अनुमति प्रदान कर दी गई है तथा शीघ्र ही प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके. से एक-एक राजीव गांधी मॉडल डे.बोर्डिंग स्कूल खोल रही है ताकि विद्यार्थियों को प्रदेश के भीतर ही गुणात्मक शिक्षा दी जा सके।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया माता नैना उग्रतारा का प्रकट उत्सव

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** माता नैना उग्रतारा काठवाड़ बीर टुंगल का प्रकट उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 27 अप्रैल की शाम को माता के मंदिर में जगजननी माता पुरानी मंडी, पंच भैया बलात और अन्य देवी देवताओं का आगमन हुआ। पूरी-पूरी रात मां के भजनों का गुणगान किया गया। जगराते में ठाकुर भजन मंडली साइ और अन्य भजन मंडली भी पहुंची हुई थी। 28 को सुबह मंदिर में हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। माता नैना उग्रतारा मां के गुर हरीश कुमार ने बताया कि माता का प्रकट उत्सव हर साल धूमधाम से मनाया जाता है तथा इस मर्तबा भी देवी-देवताओं का आगमन हुआ। माता का प्रकट होना बहुत ही अद्भुत रहा। माता की शक्ति और कृपा से हर भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है।



# लोकतंत्र के महापर्व में सभी बने सहयोगी

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि एक जून को होने वाले मतदान में समाज के सभी वर्गों को बढ़-चढकर मतदान में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्रत का महापर्व है और इस पर्व में हमें वोट के रूप में अपने संवैधानिक दायित्व को पूरा करना करने का संकल्प लेना चाहिए। उपायुक्त सुमित खिमटा आज नाहन में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित जिला स्तीरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग और हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार हम सिरमौर जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का लगातार आयोजन कर रहे हैं और आज का जिला स्तरीय आयोजन भी इसी कड़ी का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि उप-मंडल स्तर के अलावा जिला की 259 पंचायतों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सुमित खिमटा ने कहा कि आज यह एक अदभुत संयोग है कि इस कार्यक्रम में लोकतंत्र के स्तंभ हमारे 100 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाता, दिव्यांग मतदाता और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवीन मतदाता एक साथ एक मंच पर उपस्थित है। उपायुक्त सुमित खिमटा ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में 100 वर्ष से अधिक आयु के पांच मतदाताओं को टोपी, फू ल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले मतदाताओं में 105 वर्षीय जूनी पत्नी प्रभुराम गांव भगतांवाला, 100 वर्षीय बाबूराम पुत्र सदा राम गांव मेलियो, 104 वर्षीय कमला देवी पत्नी रिखी राम गांव नागल सुकेती, 101 वर्षीय खडक सिंह पुत्र ख्याली राम गांव कोलर, 100 वर्षीय जगमंती पत्नी जयंती प्रसाद शामिल रहे।

उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि सिरमौर जिला में 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 55 है जिनमें 21 पुरूष और 34 महिला मतदाता शामिल हैं।




# डीसी सिरमौर ने मतदान केंद्र निहोग और बनेठी का किया निरीक्षण

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के तहत संवेदनशील मतदान केन्द्र बनेठी और निहोग मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एक जून को होने वाले मतदान के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का जायजा भी लिया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग और हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय आदि की सुविधायें उपलब्ध करवाई जानी अनिवार्य है ताकि मतदाता सुविधापूर्वक अपने मत का प्रयोग कर सकें। सुमित खिमटा ने कहा कि सिरमौर जिला में एक जून को होने वाले मतदान के लिए कुल 589 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इन मतदान केन्द्रों में वोटरों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं की समय-समय पर जांच की जा रहा है। उपायुक्त ने बनेठी और निहोग स्कूल का भी किया निरीक्षण और जांची मिड डे मील



उपायुक्त सुमित खिमटा ने राजकीय पाठशाला बनेठी और राजकीय पाठशाला निहोग में चल रहे पठन-पाठन कार्य की भी जानकारी हासिल की। उन्होंने विद्यालय में चलाये जा रहे मिड डे मील यानि मध्याहन भोजन के तहत विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाये जा रहे भोजन के सम्बन्ध में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद भी किया। सुमित खिमटा ने स्कूल अध्यापकों को निर्देश दिए कि गर्मियों के दृष्टिगत सभी पात्र विद्यार्थियों को मध्याहन भोजन और समुचित मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाया जाये। उन्होंने कहा कि गर्मियों के दृष्टिगत विभिन्न प्रकार के जल जनित रोगों की रोकथाम के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सुबह की असैंबली में स्वच्छता और जल जनित रोगों की जानकारी दी जाये और हाथ धोने की सही प्रक्रिया से भी बच्चों को अवगत करवाया जाये।

# नाचन विधानसभा के सबसे दुर्गम मतदान केंद्र धरवार पहुंचे एसडीएम

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने अपनी स्वीप टीम सहित 22 गोइंग टू 72 मिशन के तहत मतदान केंद्र 72-धरवार का दौरा किया। यह मतदान केंद्र नाचन विधानसभा का सबसे दुर्गम मतदान केंद्र हैं। गोहर से वाया देवीदढ़ होते हुए बेहद कठिन पथरीले रास्ते से होते हुए और उसके बाद लगभग आधे घण्टे की पैदल यात्रा के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में टीम धरवार के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला खुम्बा पहुंची। पिछले लोकसभा चुनाव में इस मतदान केंद्र पर 72 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। एसडीएम गोहर ने लोगों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम गोहर ने मतदान केंद्र पर उपस्थित अन्य लोगों को मतदान शपथ दिलाई। एसडीएम ने कहा कि कोई भी मतदाता सूची से पंजीकृत होने से वंचित न हो।



# मोदी की गारंटी ही है भाजपा की गारंटी :अनुराग

विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** केंद्रीय मंत्री, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही भाजपा की गारंटी है। रविवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संगरोह बूथ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता भी भारी बहुमत के साथ मोदी जी को प्रदेश से 4 कमल सौंपने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने देश के गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वर्ग के लिए बहुत सारी योजनाओं का लाभ दिया है।



**70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में लाने का है वायदा**

अगले 5 वर्षों में भी भाजपा के संकल्प पत्र में सभी वर्गों के लिए अपना संकल्प जनता के समक्ष दिया गया है। उन्होंने कहा कि 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग चाहे वो गरीब होए मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के दायरे को बढ़ाकर अन्नदाताओं को जरूरी कृषि इनपुट प्रदान करके पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देंगे। साथ ही प्याज, टमाटर, आलू आदि जैसी आवश्यक सब्जियों के उत्पादन के लिए नए क्लस्टर स्थापित करेंगे। इन क्लस्टर्स में भंडारण और वितरण की सुविधाएं भी प्रदान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले पांच साल तक जारी रहेगी। वर्ष 2020 से 80 करोड़ से

**दावा**

**8 हिमाचल प्रदेश की जनता भी भारी बहुमत के साथ मोदी जी को प्रदेश से 4 कमल सौंपने जा रही है**

अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे।

**बूथ जीतेंगे-चुनाव जीतेंगे, कमल खिलायेंगे और फि र मोदी को पीएम बनायेंगे**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा किया है एवं एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार की हैट्रिक लगा तय है एवं देश की जनता भलीभांति जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने बौखलाहट छुपा नहीं पा रहे हैं जिस कारण वे मीडिया के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अकसर बोखलाहट मे नीच टिप्पणी कर आपसी स्पर्धा मे लगे हुए हैं। लेकिन जनता सब जानती है एवं इसका जवाब वोट के माध्यम से पहले दो फेज में दे चुकी है और आने वाले सभी फेज के चुनाव मे माकुल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को देश में भाजपा की सरकार बनेगी एवं कांग्रेस को देश की जनता प्रत्येक बूथ से उपयुक्त जवाब देगी।

# भरमौर में मतदान अधिकारियों के लिए चुनावी रिहर्सल प्रक्रियां संपन्न

टीम एक्शन इंडिया

**चंबा:** सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में मतदान अधिकारियों के लिए चुनावी रिहर्सल का सत्र राजकीय महाविद्यालय भरमौर के सभागार में संपन्न हुआ। उन्होंने चुनावी रिहर्सल में ट्रेनर की मुख्य भूमिका निभाते हुए मतदान प्रक्रिया तथा इस दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री के अलावा ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा चुनावी डयूटी के लिए तैनात किए गए अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से भी चुनाव संबंधी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई। कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए अधिकारी व कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ चुनाव प्रक्रिया का निर्वहन करना



सुनिश्चित करें तथा आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईवीएमए वीवीपैट के सुगम संचालन के साथ चुनाव आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को लेकर निर्धारित दिशा-निर्देश का पालन करना भी सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने पोलिंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राइवेट व्हीकल का इस्तेमाल ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को ले जाने में न किया जाए। नायब तहसीलदार निर्वाचन सुनील शर्मा ने मंच का संचालन किया और मतदान प्रक्रिया से संबंधित डाऊट क्लीयर किए। पूर्वाभ्यास में मास्टर ट्रेनर कृष्ण पखरेटिया ने भी मतदान प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी कर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रथम राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता मंडी में शुरू

खेमचंद शास्त्री




**मंडी:** प्रथम हिमाचल प्रदेश रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 रविवार को मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान के बैडमिंटन हाल में शुरू हुई। आयोजन समिति की ओर से हेमंत कपूर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 140 महिला पुरुष प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो 12 प्रतिस्पधाओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय पीसी आनंद की स्मृति में लाला पीसी आनंदर मेमौरियल चेरीटेबल ट्स्ट द्वारा जिला टेबल टेनिस संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता तीन दिन चलेगी। डॉ मदन कुमार ने इसके लिए प्रदेश भर से आए खिलाडि?ं को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएं। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से पैरा टेबल टेनिस में राष्ट्रीय चैंपियन 2022 रहे घुमारवीं के कार्तिक शर्मा को 21 हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर ट्रस्ट व संघ की ओर से सुभाष आनंद, सुनील आनंद, हेमंत राज वैद्य, अधीश राणा सचिव टेबल टेनिस संघ, सोमनाथ, संतोष कपूर, हरीश कपूर, यतीश शर्मा, अनिरूद्ध कपूर,विशाल शर्मा, विवेक कपूर, कुशल कपूर, राजेंद्र पाल राज, देविंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

### छुट्टी के दिन मां चिंतपूर्णी दरबार में 35 हजार ने टेका माथा



राजन पुरी

**ऊना:** मां चिंतपूर्णी के दरबार में रविवार को छुट्टी के दिन दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह से ही दर्शनों के लिए लगी डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला के पास पहुंच गई। दर्शनों के लिए लगी लाइनों की गति काफी धीमी रही, तो दूसरी ओर सुगम दर्शन के तहत दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का लिफ्ट पर तांता लगा रहा। रविवार शाम तक 35 हजार से अधिक भक्तों ने माता चिंतपूर्णी मंदिर में हाजिरी भरी और मां का आशीर्वाद लिया। मां की पावन पिंडी के दर्शन करने के लिए रविवार को अधिक भीड़ होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था तो चरमराई ही। साथ ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन दोपहर तक लुधियाना धर्मशाला को पार कर गई थी। हालांकि सुगम दर्शन प्रणाली के तहत भी कुछ श्रद्धालु दर्शन के लिए जाते रहे, लेकिन अधिक भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। हालांकि मंदिर प्रशासन व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल, अतिरिक्त अधिकारी अशोक कुमार, सिक्योरिटी इंचार्ज मनीष धीमान व उनकी टीम भीड़ वाले क्षेत्र में खुद व्यवस्था बनाने में पूरा दिन जुटे रहे, लेकिन दिन प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए प्रशासन को उच्च अधिकारियों से बैठकर व्यवस्था में सुधार लाने के लिए नया खाखा तैयार करने की भी जरूरत है। मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने कहा कि छुट्टी के चलते रविवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। देर शाम तक करीब 35 हजार श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसके लिए मंदिर प्रशासन द्वारा उचित इंतजाम किए गए हैं।

# बहडाला में दो कनाल भूमि पर लगी गेहूं की राख



राजन पुरी

**ऊना:** ग्राम पंचायत बहडाला के वार्ड नंबर 11 में रविवार दोपहर को गेहूं की फसल को आग लग गई। आग के कारण करीब दो कनाल के करीब फसल जलकर राख हो गई। जिसमें करीब 12 हजार रुपये का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को बलजीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 11 बहड़ाला के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। इस दौरान साथ के खेतों में ग्रामीण गेहूं की फसल की कटाई कर रहे थें। अचानक साथ लगे खेत में लगी आग को देखते हुए ग्रामीणों ने काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती गई।

# मतदान संबंधी चुनाव पुनः अभ्यास आयोजित

हामिद

**चंब:** चुराह विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत मतदान प्रक्रिया संबंधी चुनाव पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय तीसा में हुआ। इस दौरान पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व पौलिग अधिकारियों को अलग-अलग रिहर्सल करवाई गई। रिहर्सल कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम चुराह शशिपाल शर्मा ने चुनाव अधिकारियों को अपने दायित्व को पूरी गंभीरता से निभाने और चुनाव आयोग की दिशा-निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य



मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाए जाने वाले सभी पहलुओं से अवगत करवाना है। इस दौरान एसडीएम चुराह की निगरानी में स्थापित किए गए डेमो पोलिंग स्टेशन के माध्यम से मतदान अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान भी किया। चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पुरुष, महिला व युवा चुनाव अधिकारियों सहित लगभग सात सौ चुनाव अधिकारी ने हिस्सा लिया। रिहर्सल कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर लेख राज महाजन,रोहित भारद्वाज, बजीरु शर्मा ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मॉक पॉल एवं और बीवी पेट संचालन और मतदान प्रक्रिया के दौरान अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया उन्होंने अधिकारियों की ओर से पूछे गए प्रश्नों का उचित निवारण भी किया। इलेक्शन कानूनगो सचिन कुमार द्वारा सभी उपस्थित मतदान अधिकरियों को ईवीएम व वीवी पैट की प्रक्रिया संबंधितविस्तृत जानकारी व हैंडस ऑन प्रशिक्षण दिया गया।

# बिलासपुर क्रिकेट अकैडमी के ट्रायल्स में उमड़ा खिलाड़ियों का सैलाब

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को बिलासपुर क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट अकैडमी के ट्रायल का आयोजन किया गया। बिलासपुर क्रिकेट अकैडमी में चयनित होने के लिए नवोदित खिलाड़ियों का सैलाब उमड़ा। नए खिलाड़ियों के चयन के लिए एचपीसीए हैड कोच तथा बीसीसीआई लेवल-3 कोच अनुजपाल दास विशेष तौर पर बिलासपुर आए थे। उन्होंने सभी बच्चों की कला का परखा। कोविड के करीब दो साल बाद क्रिकेट



अकैडमी की नई भर्ती के लिए बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। ट्रायल प्रक्रिया रविवार को सुबह नौ बजे से शुरू हो गई थी। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर समय पर लुहणू क्रिकेट मैदान पहुंच गए थे। मैदान के प्रेक्टिस एरिया में चयन प्रक्रिया शुरू हुई। इस अकैडमी के लिए कुल अस्सी सीटें भरी जानी हैं।

# बसोली में परिवारिक सदस्यों के बीच मारपीट, एक जख्मी

राजन पुरी

**ऊना:** पुलिस थाना ऊना के तहत बसोली में जमीनी विवाद के चलते परिवारिक सदस्यों में मारपीट हुई है। मारपीट में एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर घायल व्यक्ति के छोटे भाई व उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राज पाल निवासी बसोली ने बताया कि शनिवार रात्रि जमीनी विवाद के चलते मेरा छोटा भाई देस राज व उसकी पत्नी ममता देवी दोनों मेरे प्रांगण आए और गाली गलोच करने लगे।

# गणित एवं सांख्यिकी जागरूकता माह का आयोजन



हामिद

**चंबा:** डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में गणित एवं सांख्यिकी जागरूकता माह का आयोजन किया गया। इसका लक्ष्य गणित और सांख्यिकी के प्रति विद्यार्थियों की समझ और सराहना को बढ़ाना है। बच्चों को यह बताया गया कि गणित एवं सांख्यिकी हमारी सटीकता एवं सही गति से गणना करने की योग्यता का विकास करता है। यह मापन की प्रक्रिया की समझ का विकास करने के साथ-साथ यंत्रों की शुद्धता से उपयोग करने के आवश्यक कौशलों का भी विकास करता है। इसके अंतर्गत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा इस जागरूकता को रोचक बनाने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, भाषण, कविता व नाटक इत्यादि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का थीम था (वास्तविक जीवन में गणित का महत्व) इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया और पोस्टर मेकिंग कलाकारी के माध्यम से गणित एवं सांख्यिकी के महत्व को रोचक बनाकर दशार्या। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर

**आवश्यक**

**8 विकास करने के साथ-साथ यंत्रों की शुद्धता से उपयोग करने के आवश्यक कौशलों का भी विकास करता है**

देवांशी (9-डी) की छात्रा रही। द्वितीय स्थान सुहानी (9-सी) की छात्रा ने प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान पर प्रिंजल पुरी (9-ए) ने बाजी मारी। इसके अलावा विद्यालय के प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने गणित एवं सांख्यिकी के महत्व को समझाते हुए बच्चों को प्रेरित किया और कहा गणित छात्रों को महत्वपूर्ण गणितीय विचारों, ज्ञान और कौशल तक पहुंच प्रदान करता है। संख्यात्मकता इस सीख को उनके व्यक्तिगत और कामकाजी जीवन से जोड़ती है। सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी प्रगति को सक्षम करने और बनाए रखने में संख्यात्मकता की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बच्चों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि हमें इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।

# मुख्य अभियंता ने किया जनजातीय क्षेत्र भरमौर का दौरा

हामिद

**चंबा:** जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता धर्मशाला जोन सुरेश महाजन ने जिला चम्बा के जनतीय क्षेत्र भरमौर के ब्लाक भरमौर व मैहला मे निर्मित बर्षा जल संचयन के माध्यम से लचीली और टिकाऊ जल आपूर्ति मे वृद्वि के कार्य का विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व ठेकेदार के साथ रोड से दुर्गम इलाके पियुरा में पैदल चलकर निरीक्षण किया और किये जा रहे कार्य की प्रगति को जांचा तथा इस कार्य को जल्द पूरा करने हेतू आवशयक दिशा निर्देश भी दिये। जल शक्ति वृत चम्बा के अधीक्षण अभियंता राजेश मोंगरा ने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 44.78 करोड है तथा इस



परियोजना मे 1.25 लाख लीटर से लेकर 9.50 लाख लीटर की क्षमता के 52 जल भंडारण टैंको व फि लटर बैड का निर्माण किया जा रहा है इस के अलावा इस परियोजना में 32 मि.मि. व्यास की 150860 मीटर पाईप लाईन बिछाई जा रही है। इस परियोजना का प्राथमिक उदेश्य ब्लाक भरमौर व मैहला में रहने वाले समुदायो को विश्वसनीय एवं निर्बाध जल आपूर्ती सुनिश्चित करना है। आपात स्थिती एवं मौसमी बदलावो के दौरान पानी की मांग पूरी करने में ये परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**पानी का मांग**

**8 इन भंडारण टैंको को ऐसे समय में पानी की पर्याप्त मात्रा को समायोजित करने के लिये बनाया जा रहा है**

इन भंडारण टैंको को ऐसे समय में पानी की पर्याप्त मात्रा को समायोजित करने के लिये बनाया जा रहा है जब स्त्रोतो पर पर्याप्त पानी उप्लब्ध हो और चरम मांग के दौरान इस पानी को उपयोग में लाया जा सके।

# 'आर्थिक बदहाली के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार'

## चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने 16 हजार करोड़ रुपए की फि जूलखर्जी की

चमन शर्मा

**शिमला:** मुख्य संसदीय सचिव सुंदर लाल ठाकुर व आशीष बुटेल ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक बदहाली में झोंकने के लिए भाजपा का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था, जिसमें प्रदेश की जनता के सामने सच रखा गया था। सत्य यह है कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अन्तिम वर्ष में सरकारी खजाने का का जमकर दुरुपयोग किया। दोनों ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कांग्रेस के विरुद्ध एक चक्रव्यूह रचा था और अमृत महोत्सव, प्रगतिशील हिमाचल, जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम पर 16,261 करोड़ रुपए की फि जूलखर्ची की। नतीजा यह हुआ कि हिमाचल पर वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक 92,774 करोड़ का कर्ज व देनदारी चढ़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज प्रत्येक हिमाचली एक लाख रुपए से अधिक का कर्जद्वार है। मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने आर्थिक नीतियों में सुधार किया जिसके कारण राज्य सरकार के राजस्व में 2200 करोड़ रुपए की बढ़ौतरी हुई। राज्य सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी से अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया। इसके अलावा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी और जनता का पैसा जनकल्याण में इस्तेमाल किया, जिससे आज महिलाओं, किसानों, मजदूरों व अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आर्थिक सुधारों की नींव अपने पहले ही बजट में रख दी थी और इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। आने वाले समय में ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध होगा। सुंदर लाल ठाकुर और आशीष बुटेल ने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोलने में माहिर हैं और झूठी बातें कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग पढ़े.लिखे हैं और सत्य.असत्य में अंतर करना भली भाँति जानते हैं।

**आरोप**

**8 भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था**



# कलरूही में पेड़ से टकराई कार, दो श्रद्धालु युवक जख्मी

राजन पुरी

**ऊना:** उपमंडल अंब के तहत कलरूही में आधी रात को एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार दिल्ली के दो श्रद्धालु युवक जख्मी हुए हैं। दोनों युवकों को 108 एंबुलेंस की मदद से अंब अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां पर उनके स्वास्थ्य में सुधार आया है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली के चार युवक शनिवार को मां चिंतपूर्णी में माथा टेकने पहुंचे थे। आधी रात को चिंतपूर्णी से कार में सवार होकर वापिस घर लौटते समय मुबारकपुर रोड पर स्थित कलरुही मोड़ पर कार चालक को नींद का



झौंका आ गया। जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार युवकों में से विपन व वरूण कुमार निवासी दिल्ली को चोट पहुंची है। जिन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल अंब पहुंचाया गया। डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि मामले को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आई है।

# लोकसभा चुनाव के लिए सीटू ने जारी किया 'मजदूरों का घोषणापत्र'




**साधा निशाना**

**8 बंद करने के लिए अग्निवीर योजना को लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** सीटू जिला सिरमौर का अधिवेशन नाहन में आयोजित किया गया। लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में आंगनवाड़ी वर्कर्ज हेल्परज यूनियन, मिड डे मील वर्कर्ज यूनियन, आशा वर्कर यूनियन, आउटसोर्स यूनियन, इंडस्ट्री यूनियन, मनरेगा, निर्माण मजदूरों ने भाग लिया। अधिवेशन में विजेंद्र मेहरा, जगत राम, वीना शर्मा, आशीश कुमार, लाल सिंह, नीलम शर्मा, देवकुमारी, इंदु तोमर, शीला ठाकुर, सीता तोमर, पिंकी, अमरनाथ, वीरेंदर ठाकुर, रिजवान, अजय कुमार, चन्दर कला, शायमा, ममता, माया श्याम दत, रिंकू बाला, आदि लोगों ने भाग लिया। सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने अधिवेशन का संचालन करते हुए संगठन की वार्षिक रिपोर्ट रखी अधिवेशन का उद्घाटन सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने किया सीटू राज्य उपाध्यक्ष जगत राम ने अधिवेशन का समापन किया। उन्होंने वर्तमान समय के राजनीतिक हालात पर विस्तार से बात रखते हुए मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से पिछले दस साल से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। यहां तक कि गरीब लोगों के बच्चों को सेना के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के रास्ते को बंद करने के लिए अग्निवीर योजना को लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है।

# पन्ना प्रमुखों के स्तर पर भाजपा ने बनाई जीत की रणनीति



**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में सातवें चरण में लोकसभा की चार सीटों के साथ-साथ 6 विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव है ऐसे में अब भाजपा संगठन के स्तर पर भी चुनाव के लिए कमर कस रही है। रविवार को शिमला में भाजपा ने पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए रणनीति बनाई। वहीं प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीत का परचम लहराने पर मंत्रणा की। इस सम्मेलन में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज और भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता बलवीर मौजूद रहे। इसके अलावा सम्मेलन में उत्तराखंड सरकार में मंत्री रहे प्रवासी प्रभारी गोविंद पिल्कवाल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि आज भाजपा ने पन्ना प्रमुखों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर भाजपा नरेंद्र मोदी सरकार के 10 वर्षों की कामों को लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि पन्ना प्रमुखों पर उनके क्षेत्र में मतदाताओं की चिंता करने और उन तक भाजपा के संदेश को पहुंचाने की जिम्मेदारी होगी। इस दौरान इस दौरान बलवीर वर्मा ने सुक्खू सरकार में

केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी को निशाने पर लेते हुए प्रदेश की वर्तमान सरकार पर निशा हमला किया। बलवीर ने कहा की यह सरकार ठग सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता में आने से पहले भी कांग्रेस ने जनता को ठगने का काम किया और अब भी ठगने का काम कर रही है।

## दियाड़ा में बाइक ने मारी महिलाओं को टक्कर

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल अंब के तहत दियाड़ा में बाइक ने सडक पर जा रहे दो महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक समेत दोनों महिलाएं जख्मी है। घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ललिता देवी निवासी दियाड़ा ने बताया कि गत दिवस अपने परिवार के सदस्यों संग खेत में गेहूं की कटाई करने गई थी। शाम को अपनी देवरानी निर्मला देवी व निर्मला देवी की बेटी सेजल के साथ खेत से घर की ओर. जा रही थी, तो दियाड़ा लिंक रोड़ में एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी।

# व्यास नदी में खनन के नाम पर चला रखा है लूट का धंधाः अरविंद

**गंभीर आरोप**

**8 सुक्खू सरकार ने आपदा के समय में भी प्रभावितों के साथ भेदभाव का रवैया अपनाया है**




**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने वर्तमान सरकार और कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर पर आरोप लगाते हुए कहा कि व्यास नदी में खनन के नाम पर लूट का तांडव चल रहा है। व्यास नदी में खनन करने के लिए नियमों को ताक पर रखकर टेंडर लगाए गए हैं और यह काम अपने चहेतों को दिया गया है। ऐसे में व्यास नदी से जो मक और पत्थर निकाले जा रहे हैं वह कहां जा रहे है इसका पता नहीं है। अरविंद चंदेल ने कहा कि हम इस बात का पता लगाएंगे और पूरी तरह से सरकार और स्थानीय नेताओं को बेनकाब करेंगे। इस मौके पर उन्होंने सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर को घेरते हुए कहा कि पूर्व में वह भूतनाथ और भुंतर बेली ब्रिज के साथ-साथ अस्पताल में सुविधाओं को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहते थे और यहां तक भूतनाथ ब्रिज की तो शव यात्रा भी निकली थी लेकिन अब जब व्यवस्था को सुधारने की बात आई तो वह खामोश बैठे हैं। अरविंद चंदेल ने कहा कि व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए अब सरकार और सुंदर ठाकुर का हर मोर्चे पर घेराव किया जाएगा।

इतना ही नहीं इस सरकार और कांग्रेस के नेताओं की नाकामियों और काले चि की पोल खोली जाएगी। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं को सनातन विरोधी करार दिया और कहा कि कांग्रेस के यह नेता सनातनी होने का ढोंग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्तासीन सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने 16 महीने में लोगों का दुख दर्द नहीं जाना है इतना ही नहीं आपदा के समय में भी प्रभावितों के साथ भेदभाव का रवैया अपनाया है। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष कल्लू अरविंद चंदेल के साथ-साथ जिला उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, संजू पंडित कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज, भाजपा प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी कुल्लू मंडल मीडिया प्रभारी अरुण कंबोज भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हर मोर्चे पर नाकाम है सुक्खू सरकार, बहुमत से लेकर लोगों की नजरों में गिरी सरकारः जयराम ठाकुर



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। बहुमत तो वह खो ही चुकी थी लोगों की नज?ें में भी गिर चुकी है। जल्दी ही कांग्रेस की सरकार प्रदेश में इतिहास बन जाएगी। जबसे कंगना को टिकट मिला है कांग्रेस ने अमयार्दापूर्ण आचरण किया। उल्टी-सीधी बातें की, आपत्तिजनक बातों का विरोध न करके ऐसे लोगों को मौन सहमति दी। कांग्रेस यह याद रखें कि मातृशक्ति के अपमान की कीमत चुकानी पड़ती है। चुनाव लोकसभा का है इसलिए अगर बात करनी है तो मुद्दों पर करनी चाहिए लेकिन 15 महीनें की नाकामी के बाद उनके पास उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ बचा ही नहीं हैं। इसलिए वह इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। निरमंड के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सिर्फ ताला लगाया, इसलिए वह विकास के मुद्दे पर चुनाव नहीं लड? से भाग रहे हैं। इस मौके.पर उनके साथ मंडी संसदीय प्रत्याशी कंगना रनौत, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार और अन्य स्थानीय नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि पंद्रह महीनें की सरकार में 15 पैसे का काम नहीं किया है। अपनी नई योजनाएँ नहीं चलाई तो कोई बात नहीं लेकिन जो पुरानी योजनाएं चल रही थी, उन्हें भी बंद कर दिया। हिमकेयर की योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को बीमारी के समय 5 लाख का मुफ्त इलाज मिल रहा था वह भी बंद कर दिया। सरकार लोगों को इलाज तक की सुविधा भी नहीं दे पा रही है। असहायों के लिए सहारा योजना चलाई वह भी बंद कर दी। इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ भी नहीं हो सकता है। एक लाख नौकरियां देने के लिए कहा था, एक नौकरी नहीं दी, 11 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी से निकाल दिया। इस सरकार ने एक भी काम विकास के नहीं किए है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया। आज कहीं भी एक पैसे के विकास का काम नहीं हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस बार देश के ही नहीं दुनिया के लोग भी चाहते हैं कि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेए आप सभी लोग कंगना रनौत को भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजिए वह आपका डाकिया बनेंगी। आपके हर सुख-दुःख को नरेन्द्र मोदी तक पहुचाएंगी और उनके समाधान होगा क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। जयराम ठाकुर ने सभा में कार्यकताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इतने ख?ाब मौसम में भी सभी का सम्मेलन में पहुंचना बहुत बड़ी बात है। इस उत्साह को देखकर की यह पता चल रहा है कि मतगणना के दिन सभी रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक व्यापक कार विवरण समाधान टीग्लॉस लॉन्च किया

**मंडी: ग्राहक सब**से पहले के अपने दर्शन के अनुरूप टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टीकेएम) ने आज अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है।यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब में टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।इसकी शुरूआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है।1 मई 2024 से भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर टीग्लॉस उपचार की पेशकश की जाएगी।किसी भी कार निमार्ता द्वारा उद्योग में पहली बार पेश की गई इस तरह की सेवा टीग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी।

टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। इसमें सिरेमिक कोटिंग,अंडर बॉडी कोटिंग,साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। सबरी मनोहर उपाध्यक्ष,बिक्री सेवा प्रयुक्त कार व्यवसाय टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा हम टीग्लॉस का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं जो एक अभिनव और उद्योग का पहला उद्यम है जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की ग्राहक सबसे पहले दर्शन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# अनुराग ठाकुर की नहीं है अब तक कोई उपलब्धिः प्रेम



**मांग**

**8 अनुराग ठाकुर चौथी बार के सांसद हैं तथा पांचवीं बार वोट मांगना शुरू कर दिए हैं**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद अनुराग ठाकुर की अब तक की कोई विशेष उपलब्धि नहीं हैए जिसके चलते चुनाव में जनता उन्हें करारा जवाब देगी। हमीरपुर में पत्रकारों से बातचीत में प्रेम कौशल ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को आडे हाथ लिया। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर चौथी बार के सांसद हैं तथा पांचवीं बार वोट मांगना शुरू कर दिए हैं। लेकिन वह जनता को अपनी एक भी उपलब्धि नहीं बता पाए हैं, जिससे उन्हें क्षेत्र की जनता को गुमराह करने का कोई लाभ नहीं है। उन्होंने कहा कि उना से हमीरपुर रेल लाइन बनाने का कई बार वायदा कर चुके हैं, अभी तक 1 इंच भी कार्य नहीं हो पाया है। इसी तरह से उना में पीजीआई सैटलाइट टाउन व कई अन्य विकास कार्यों की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन धरातल पर कोई भी कार्य नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर का कार्य मात्र गांधी परिवार को गालियां निकालना है, जितनी ज्यादा गालियां अनुराग ठाकुर निकलते हैं उन्हें उतनी ही तरक्की मिलती है। लेकिन जनता अब सब जान चुकी है कि आगामी चुनाव में लोकसभा की चारों तथा विधानसभा की सभी 6 सीटों पर कांग्रेस विजय पताका फ हराएगी और विकास के कार्यों को पहले से अधिक गति मिलेगी। कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार बेहतर कार्य कर रही है तथा इसके खिलाफ एक भी मुद्दा नहीं है। मुख्यमंत्री खुद प्रदेश की जनता के हितों की रक्षा करने वाले नेता हैं तथा कई गरीब कल्याणकारी योजनाएं वह लोगों को लेकर आए हैं।

जिसका लाभ हर हर के लोग उठा रहे हैं। उन्हें कहा कि प्रदेश सरकार को कोई खतरा नहीं है तथा सभी सीटों पर विजय हासिल करेगी। भाजपा की हसरतों पर जल्द ही पानी फिरने वाला है।

## भड़ोलिया खुर्द में चिट्टे संग युवक गिरफ्तार

**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला मुख्यालय के साथ लगते भड़ोलिया खुर्द में पुलिस ने एक व्यक्ति को चिट्टे संग काबू किया है। आरोपी की पहचान संदीप कुमार उर्फ लक्की निवासी वार्ड नंबर चार, जलग्रां टब्बा के रूप में हुई है। जिसके पास से 4.24 ग्राम चिट्टा बरामद की गई है। पुलिस ने चिट्टा रखने के आरोप में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि ऊना पुलिस भड़ोलिया खुर्द में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक की तलाशी ली। युवक के पास से पुलिस को 4.24 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान संदीप कुमार निवासी जलग्रां टब्बा के रूप में हुई।

# छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान

**योगदान**

**8 युवाओं को वोट का महत्व समझाया और प्रेरित किया कि 100ः मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान दें**



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** जिला स्वीप टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराई शिरकत की। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी डायरेक्टर डा. लाल सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। अध्यापकों और विद्यार्थियों से मतदाता शिक्षा की बात की। छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान के अधिकारों के प्रति जागरूक करवाते हुए मतदान की महता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों के साथ छात्र संसद चुनाव की प्रकिया आदि के विषय में छात्रों से संवाद किया गया। लोकतत्र में अपने मत का बिना किसी प्रलोभन से किसी भय के मत का प्रयोग करना चाहिए। नारे के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया ताकि लोकतंत्र में लोगो की भागीदारी अधिक से अधिक हो। कार्यक्रम में छात्रों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मतदाता शिक्षा पर युवाओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान अध्यापक मंगल नेगी, अंग्रेजी के प्रवक्ता राजेश ठाकुर जिला स्वीप टीम का स्वागत किया और जिला स्वीप टीम की ओर से श्याम लाल हांडा, सुनील कुमार ने युवाओं को वोट का महत्व समझाया और प्रेरित किया कि 100ः मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान दें।

# दुकानदारों एवं व्यवसायियों की बैठक का आयोजन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** व्यापार मण्डल कुल्लू के उपाध्यक्ष जगदीश चंद बंगा की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे कुल्लू नगर के वार्ड नंबर 8, 9, 10 व 11 के सभी प्रकार के दुकानदारों एवं व्यवसायियों की आम सभा बैठक का आयोजन जिला परिषद कुल्लू के चेयरमैन कार्यालय में किया गया। इस बैठक में निम्नानुसार वार्ड समितियों का गठन किया गया। जिसमें वार्ड नम्बर 8 व 9 से अध्यक्ष अशोक वालिया, उपाध्यक्ष विश्वा जीत, महासचिव राजेश राणा, सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश वधवा कुमार तथा वार्ड नम्बर 10 व 11 से अध्यक्ष रोहित चोपड़ा, उपाध्यक्ष नितिन कपूर, महासचिव हरीश शर्मा, सचिव राज कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा को मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार मंडल के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन जी ने कार्यों उदेश्यों के बारे में व्यापारियों को जानकरी दी व कहा कि व्यापारियों की सदस्यता पूर्ण होते ही इसके पंजीकरण की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी। इस बैठक में व्यापार मण्डल के मुख्य संरक्षक दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष इंद्र चावला व जगदीश बंगा, महासचिव सुबोध कुमार तथा सचिव वरुण शर्मा उपस्थित रहे। इस बैठक के उपरांत व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि मण्डल ने जल शक्ति विभाग कुल्लू के अधिशाषी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर उन्हें कुल्लू शहर के रामशिला से लेकर पिरडी तक ब्यास नदी के तटीयकरण तथा गत वर्ष बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई सीवरेज व्यवस्था की मुरम्मत करने व टापू पुल से व्यासा मोड़ तक के वंचित क्षेत्र को सीवरेज व्यवस्था से जोड? का आग्रह किया। इस पर अधिशाषी अभियंता ने शिष्टमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि उपरोक्त सभी समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।

# 'केंद्र से राहत राशि लाना तो दूर पक्ष तक नहीं रख पाए अनुराग'

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** समय यही माकूल है कि जनता के वोट लेकर ऐश्वर्य भोगने वाले और फिर अपना चेहरा न दिखाने वालों से कम से कम यह तो पूछा जाए कि क्या उन्होंने जनता के वोट की कीमत के बदले जनता को क्या दिया है। जनप्रतिनिधि भले ही किसी भी स्तर का हो दायित्व बड़ा होता है ऐसे में यदि जनप्रतिनिधि का औहदा केंद्र का हो तो जिम्मेवारी और जबावदेही और ज्यादा बढ़ जाती है। प्रदेश में बीते साल आई आपदा पूरे विश्व के समाचारों में सुर्खियां रही, लेकिन इस संवेदनशील हालात में भाजपा को राजनीति ही सूझी। क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस ने इनका सूपड़ा साफ कर दिया था तो टीस का होना बनता है लेकिन राजधर्म को न मानने वाले भाजपाईयों ने हिमाचल को अपने हाल पर छोड़ दिया लेकिन सीएम सुक्खू ने दूरदर्शी सोच का परिचय देते हुए बिना किसी के पास गिड़गिड़ाए हालातों पर काबू पाया और व्यवस्था को पटरी पर लाकर एक कुशल नेता का किरदार निभाया। ऐसे में प्रश्न उठता है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार सांसद बनने का दिव्यस्वप्न देख रहे अनुराग ठाकुर ने इस आपदा के समय हिमाचल के हितों की कितनी पैरवी की हैए यह सार्वजनिक होना जरूरी हो गया है। प्रैस को जारी बयान के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस मीडिया समन्वयक व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर से



सवालों के कटघरे में खड़ा कर प्रश्न पूछा है कि हमीरपुर के सांसद बताएं कि उन्होंने आपदा के समय हिनाचल को कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर बताएं कि प्रदेश में आई आपदा के मुद्दे को संसद में क्यों नहीं उठाया और वे इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा तक नहीं घोषित करवा पाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में हुई आपदा के लिए 9900 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता क्षति पूरी करने के नुकसान का ब्यौरा केंद्र की भाजपा सरकार को दिया तो अनुराग ठाकुर ने मुंह में दहीं क्यों जमा ली थी। हैरानी की बात है कि अब लोकसभा चुनावों में जनाब किस मुंह से वोट मांग रहे हैं। संदीप सांख्यान ने कहा कि यदि अनुराग ठाकुर अपने खेलए सूचना व प्रसारण मंत्रालय का विवरण देने में तो असफल रहे हैं लेकिन आपदा जैसी भयंकर त्रासदी पर भी मात्र बयानबाजी करके पल्ला झाड़ते रहे। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश के बुनियादी मुद्दों पर भी अनुराग ठाकुर संसद में हिनाचल के हितों की आवाज उठाने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अनुराग ठाकुर हिमाचल में आई त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवा देते तो आज लोंगो के घर.घर जाकर वोट नहीं मांगते। अनुराग ठाकुर को समझना चाहिए था कि यदि वह केंद्र सरकार से हिमाचल में आई भयंकर त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवाने में मदद करते तो हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली सहायता राशि न केवल केन्द्र सरकार से मिलती बल्कि उससे कहीं ज्यादा राशि विश्व बैंक व अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थाओं से हिमाचल को मिलतीए जो प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए रामबाण साबित होती।

# बच्चों ने पढ़ाते हुए विडियो बना कर वायरल किया तो गुस्साई अध्यापिका ने छुरी दिखाकर धमकाया

**मांग**

**8 स्कूल प्रबंधन समिति ने लिया कड़ा संज्ञान, अध्यापिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग**

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिले के नाचन विधानसभा व सुंदरनगर उपमंडल में आने वाली पलौहटा सरकारी पाठशाला में बच्चों ने अपनी अध्यापिका का पढ़ाते हुए एक विडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। पता चलने पर इससे गुस्से में आई अध्यापिका ने कक्षा में बच्चों को बुलाकर मेज पर प्लेट में रखी छुरी दिखाकर कथित तौर पर धमकाया कि बताओ यह विडियो किसने बनाया है और किसने वायरल किया है। छुरी व अध्यापिका का गुस्सा देख बच्चे सहम गए और इसकी भनक मिलते ही स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए। शिकायत प्रिंसिपल तक पहुंच गई । स्थिति गंभीर देख कर प्रिंसिपल ने भी स्कूल प्रबंधन व स्टाफ के समक्ष सारा ब्यौरा रखा। हालांकि पांच सैकंड के इस विडियो में कुछ भी ऐसा नहीं था जिससे अध्यापिका को गुस्सा आता और छुरी दिखाकर बच्चों को धमकाना पड़ता। मामला ने तूल पकड़ा और रविवार को स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने इसकी लिखित शिकायत प्रिंसिपल व अधिकारियों का कर दी। इस बारे में प्रिंसिपल धनी राम का कहना है कि घटना वाले दिन वह चुनावी ड्यूटी पर थेए 26 अप्रैल को आए हैंए मामले को आपसी बातचीत से निपटाने का प्रयास होगा और जैसा उपर से आदेश आएगा उस पर अमल किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनीता ने कहा कि अध्यापिका के छुरी दिखाने व धमकाने से बच्चे सहमे हुए हैं।

ऐसी घटनाओं की पुनरावति ने हो।

## संपादकीय

# नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा सराहना की

**नृत्य** दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस है जिसकी शुरूआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की थीम नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका थी। भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दशार्ना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है। आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है। नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुतेरे हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है।

# बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभानअल्लाह

राकेश अचल

> "दरअसल हमारे यहां कौन ,किसको क्या आजादी देना चाहता है या दे चुका है ये किसी को पता नहीं है। केंद्रीय चुनाव दंतहीन,नखहीन ही नहीं अब श्रवणहीन भी हो चुका है। उसे केवल गैर भाजपाई दलों के नेताओं के भाषण सुनाई देते हैं। भाजपा नेताओं खासतौर पर प्रधानमंत्री जी के भाषणों को तो केंचुआ अपने श्रवण -रंध्रों में प्रविष्ट ही नहीं होना चाहता। प्रधानमंत्री जी ने कहा की कांग्रेस आई तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे देगी। वे बोले कांग्रेस आई तो आपकी विरासत पर टैक्स लगा देगी ? तो क्या सचमुच प्रधानमंत्री जी को कांग्रेस सत्ता में आती हुई दिख रही है ? वो भी भाजपा और खुद प्रधानमंत्री जी की दस साल की दिन -रात की मेहनत के बाद आती दिख रही है।"

**आदर्श** आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने में बड़े मिया तो बड़े मिया,छोटे मियां सुभानअल्लाह की कहावत चरितार्थ होती दिखाई दे रही है । चुनावों में मतदाताओं को आतंकित करने के आरोपी देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बारे में उनकी पार्टी अध्यक्ष को जबाब देना है लेकिन इसके पहले उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री जी से भी आगे निकल गये । वे भाषण दे रहे हैं कि कांग्रेस मुसलमानों को गौमांस खाने का अधिकार देना चाहती है।

दरअसल हमारे यहां कौन ,किसको क्या आजादी देना चाहता है या दे चुका है ये किसी को पता नहीं है। केंद्रीय चुनाव दंतहीन,नखहीन ही नहीं अब श्रवणहीन भी हो चुका है। उसे केवल गैर भाजपाई दलों के नेताओं के भाषण सुनाई देते हैं। भाजपा नेताओं खासतौर पर प्रधानमंत्री जी के भाषणों को तो केंचुआ अपने श्रवण -रंध्रों में प्रविष्ट ही नहीं होना चाहता। प्रधानमंत्री जी ने कहा की कांग्रेस आई तो महिलाओं का मंगलसूत्र छीन कर मुसलमानों को दे देगी। वे बोले कांग्रेस आई तो आपकी विरासत पर टैक्स लगा देगी ? तो क्या सचमुच प्रधानमंत्री जी को कांग्रेस सत्ता में आती हुई दिख रही है ? वो भी भाजपा और खुद प्रधानमंत्री जी की दस साल की दिन -रात की मेहनत के बाद आती दिख रही है।

मुझे कभी-कभी लगता है कि कांग्रेस सत्ता में आये या न आये लेकिन भाजपा ने मान लिया है कि कांग्रेस आ रही है। इसीलिए अब प्रधानमंत्री जी के प्रधान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सन्निपात की स्थिति में आकर आय-बांय बोलने लगे हैं। सन्निपात में आदमी कुछ का कुछ बोल जाता है। उसे जो बोलना चाहिए वो बोल नहीं पाता और जो नहीं बोलना चाहिए उसे जोर देकर बोलता है। योगी जी उत्तर प्रदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री है लेकिन गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे है। जनता को बरगला रहे हैं की कांग्रेस अल्पसंख्यकों को गौमांस खाने का अधिकार देना चाहती है।

योगी जी को कौन बताये की दाने -दाने पर ,रेशे-रेशे पर खाने वाले का नाम लिखने वाला कोई और है। कौन क्या खायेगा और क्या पहनेगा इसका फैसला



कम से कम लोकतंत्र में सरकारें तो नहीं करतीं। पहले भी नहीं करतीं थीं आज भी नहीं करतीं। लेकिन योगी जी और मोदी जी मिलकर बहुसंख्यकों के सामने अल्पसंख्यक मुसलमानों का भय पैदा कर रहे हैं। इसके लिए भारत के नागरिक मुसलमानों को ही हौआ बनाया जा रहा है। हौआ बच्चों को भयभीत कर सुलाने के लिए अक्सर माताएं बनाती रहतीं हैं ,किन्तु अब सरकारें अपनी कुरसी बचाये रखने के लिए हौआ बनाने पर उतर आयीं हैं। जबकि हौआ का कोई वजूद होता ही नहीं है। भारतीय मतदाता इतना बुद्धू भी नहीं है कि हौआ के वजूद पर आसानी से यकीन कर ले। कायदे से भाजपा के प्रबुद्ध नेताओं को बयानबाजी करने से पहले स्वाध्याय कर लेना चाहिये । गौमांस को लेकर भी योगी जी या उनकी पार्टी का ज्ञान अपूर्ण है । शायद वे नहीं जानते कि मांस निर्यात पर सरकारी रिपोर्ट क्या कहती है ? ओएसडीए की सरकारी रिपोर्ट उठाकर देख लीजिये जिसमें कहा गया है कि 2014 में भाजपा की सरकार केंद्र में आने के बाद के बाद भारत का मांस का निर्यात बढ़ा है। सन 2017 में मांस निर्यात को लेकर लोकसभा में सरकार की ओर से कहा गया था कि मांस निर्यात में 17,000 टन की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। यही नहीं, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014-2017 के बीच तीन सालों में बूचड़खानों के लिए लगभग 68 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी ।

देश में मांस का निर्यात [जिसमें गौमांस भी शामिल है ] आज से नहीं बहुत पहले से हो रहा है। मांस कि निर्यात से भारत 4 अरब डालर कमाता है। ये हकीकत है कि वर्ष 2006 में मनमोहन सरकार के समय से भारत से मांस के निर्यात में बढ़ोत्तरी आने का जो सिलसिला आरंभ हुआ, वह आज 2024 में नंबर 1 बीफ निर्यातक तक भारत को पहुंचा चुका है। वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाईजेशन की फरवरी, 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार बीफ निर्यात के क्षेत्र में वर्ष 2006 से 2016 के बीच भारत में जबरदस्त बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वर्ष 2006 में बीफ के विश्व व्यापार में भारत का योगदान महज 2 प्रतिशत था, जबकि 2016 में भारत 20 प्रतिशत से अधिक का भागीदार हो गया! 2022-23 में तो यह और भी बढ़ गया है।ये कांग्रेस ने नहीं भाजपा ने किया है। कोई योगी जी को बता दे कि वर्तमान में भारत मांस निर्यात में जहां पांचवें नंबर पर है, वहीं बीफ निर्यात में वह ब्राजील से होड़ करते हुए कभी पहले नंबर पर तो कभी दूसरे नंबर पर होता है। बहरहाल अभी देश में अठारहवीं लोकसभा कि लिए मतदान कि केवल दो चरण समाप्त हुए हैं। पांच चरण अभी शेष है। इनमें यदि आदर्श आचरण चुनाव संहिता का सख्ती से पालन न किया गया तो ये चुनाव इस सदी के सबसे दूषित चुनाव होंगे। मुझे 1971 से लेकर 2019 तक के तमाम चुनावों का स्मरण है। मुझे लगता है कि ये पहला और शायद अंतिम चुनाव होगा जिसमें किसी दल की कोई आदर्श आचार संहिता नहीं है। हर दल कहीं न कहीं ,कम या ज्यादा इस संहिता की धज्जियां उड़ा रहा है । कांग्रेस भी इस दोष से मुक्त नहीं है। बाकी के दलों के बारे में तो कहा ही क्या जाये ? लेकिन केंचुआ ले-देकर कांग्रेस और दूसरे दलों के ऊपर कार्रवाई की चड्डी गांठता है। सत्तारूढ़ दल के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर उसकी रूह कांपती है [ वैसे केंचुआ की कोई रूह बची नहीं है ] । राजधर्म तो कहता है कि केंचुआ मोदी जी और योगी जी को कम से कम एक चरण के लिए चुनाव प्रचार करने से रोके,प्रतिबंधित करे । इस समय में नेतागण आत्मचिंतन करें,स्वाध्याय करें ताकि आने वाले चुनाव प्रचार के समय किसी से कोई गलती न हो। लेकिन ऐसा हो नहीं सकता । केंचुआ राजधर्म से अनभिज्ञ है। केंचुआ के प्रधान कोई शेषन नहीं है। जो है उसे भी सेवानिवृति के बाद दोबारा से रोजगार हासिल करना है। ये कामना ही सभी को शेषन नहीं बनने देता। इस समय तमाम जिम्मेदारी मतदाताओं के ऊपर ह। उन्हें जागरूक रहना है । अनर्गल भाषणों से प्रभावित नहीं होना है ।चाहे वे भाषण कांग्रेसियों के हों या सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के। लोकतंत्र को बचने का यही पहला और आखरी उपाय है । जागरूकता का कोई विकल्प है ही नहीं।

लोकतंत्र में कोई बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक कोई किसी से कुछ छीन नहीं सकत। छीनने का अधिकार और शक्ति केवल सत्ता में होती है। सत्ता ही मंगलसूत्र छिनती है,सत्ता ही मंगलसूत्र बांटती है। सत्ता ही आपके नोट रद्दी कर देती है और सरकार ही उनमें प्राण फूंकती है। आज दुनिया में अमरीकी डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की जो दुर्दशा है उसके लिए कोई अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक जिम्मेदार नहीं ह। इसके लिए सरकार जिम्मेदार है। देश का सोना कोई अल्पसंख्यक या बाहुसंख्यक नहीं बेचता सरकार बेचती है। इसलिए डरना है तो अपने पड़ौसी से मत डरिये । डरिये तो केवल उस सरकार से डरिये जो आततायी है। पक्षपाती है। समदर्शी नहीं है। बात सबको साथ लेकर चलने की कहती है लेकिन चलती नहीं ह। सबका विकास करने कीबात करती है किन्तु करती नहीं है। इसलिए जागो !

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

# मतदाताओं की मतदान से दूरी के मायने

डा.मनमोहन प्रकाश

**भारत** में इस समय लोकतंत्र का पर्व मनाया जा रहा है। इसी के तहत लोकसभा में विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों के भेजने की प्रक्रिया के तहत पहले दो चरण का मतदान हो चुका है तथा पांच चरणों का मतदान होना शेष है। पहले दो चरणों में मतदान तो शांतिपूर्ण ही रहा किन्तु मतदान का प्रतिशत कम रहा। चुनाव आयोग के लिए यह चिंता का विषय बना हुआ है। आयोग मतदान के प्रतिशत की बढ़ोतरी के लिए निरंतर बहुत प्रयास कर रहा है। विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं से मतदान करने के लिए निरंतर अनुरोध कर रहा है। इतना ही नहीं मतदान केंद्र पर मतदाताओं को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। फिर भी मतदान का कम होना कई प्रश्नों को जन्म दे रहा है। मसलन मतदाता मतदान करने क्यों नहीं जा रहा? अपने मत का उपयोग करने के लिए उत्साहित क्यों नहीं है? क्या धीमा चुनाव प्रचार इसके लिए जिम्मेदार है? क्या चुनाव के मुद्दे मतदाताओं को अपील नहीं कर रहे?क्या कोई गोपनीय तरीके से मतदाताओं को मतदान न करने के लिए उकसा रहा है? क्या मतदाता बार बार के चुनाव से उकता गया है?क्या मतदाता निर्वाचन में भाग ले रहे प्रत्याशियों से न खुश हैं? क्या मतदाताओं को प्रत्याशियों में कोई स्पार्क नजर नहीं आ रहा? कुछ तो यह भी कहते नजर आ रहे हैं कि जब चुनाव का परिणाम स्पष्ट है तो मतदान करने ना करने से फर्क क्या? मतदान का प्रतिशत कम होने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी जीत के आसार नजर आ रहे हैं। वस्तुतः कौन सा दल, कौन सा गठबंधन जीत का स्वाद चखेगा यह तो मतगणना के परिणाम ही बता सकेगा। किन्तु इसे विडम्बना ही कहा जाएगा कि सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में मतदान का प्रतिशत कम है। सरकार गठन में आम आदमी की भागीदारी उत्साहजनक नहीं है।ऐसी भी उम्मीद की जा रही है कि आगामी पांच चरणों के चुनाव में मतदान का प्रतिशत सुधरेगा और पिछले चुनाव के समकक्ष पहुंच जाएगा। अभी भी समय है जिन लोकसभा क्षेत्रों पर मतदान होना शेष है वहां के मतदाताओं को अपने सभी गिले-शिकवे भुलाकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए योग्य और अपनी पसंद के प्रत्याशी को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदाताओं को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि लोकसभा में अपनी पसंद के व्यक्ति को भेजने का अवसर पांच वर्ष में एक बार ही आता है, उसे मत जाने दें।अतः प्रत्येक मतदाता को जिम्मेदार जागरूक नागरिक बन कर देश में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। भारत में कभी औसत मतदान बहुत अच्छा नहीं रहा अतः निर्वाचन उपरांत आयोग को यह शोध अवश्य करना चाहिए कि जिन स्थानों पर मतदान ज्यादा हुआ उसके क्या कारण रहे और जिन स्थानों पर मतदान कम हुआ है वहां क्या कारण रहे।यह भी शोध का विषय होना चाहिए कि शिक्षित मतदाताओं ने मत का उपयोग ज्यादा किया या अशिक्षित मतदाताओं ने तथा किस आयु समूह के मतदाताओं ने सबसे कम मतदान का प्रयोग किया।

## विचार

# संयम,शांति और समृद्धि भारतीय संस्कारों के प्रतीक

संजीव ठाकुर

**भारतीय** संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बा अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com  
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भारतीय रेल - सपने और हकीकत

तनवीर जाफरी

भारतीय रेल मंत्रालय लोकलुभावन विज्ञापन जारी कर अपनी छवि गढ़ने की कवायद में जुटा हुआ है। वंदेभारत श्रेणी की अलग अलग दिशाओं को जाने वाले एक एक रैक को प्रधानमंत्री द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया जाना और इन उद्घाटन समारोहों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत के चलते इस इवेंट मैनेजमेंट पर जनता के करोड़ों रुपए खर्च करना हो या देश के कई रेलवे स्टेशंस का सौंदर्यीकरण या उनका विस्तार करना हो या स्टेशन के मुख्य द्वारा पर ऊँचे ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करना हो, इनमें से किसी बात का सम्बन्ध सामान्य रेल यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं से हरगिज नहीं है। रेल यात्री को सबसे पहले सुरक्षित रेल यात्रा की दरकार है। समय पर ट्रेनों का आवागमन रेल यात्रियों की प्राथमिकताओं में एक है। प्रत्येक यात्री को आरक्षण मिले,उसकी वेटिंग कन्फर्म हो,स्वच्छ वाशरूम व वाशबेसिन,रेल से लेकर प्लेटफॉर्म तक यात्रियों के सामान की सुरक्षा आदि यात्रियों की पहली जरूरतें हैं। रेल मंत्रालय द्वारा अपनी पीठ थपथपाने वाले विज्ञापन अखबारों में प्रकाशित करा देने से रेल यात्रियों का क्या भला होगा ? रेल स्टेशन के सौंदर्यीकरण के जो निर्माण कार्य चल भी रहे हैं उनकी गुणवत्ता देखकर ही पता चलता है कि खूब खाया और खिलाया जा रहा है। पहले रेल यात्री सुरक्षित व आरामदेह यात्रा की आस में ए सी के तृतीय या द्वितीय श्रेणी में आरक्षण कराकर यात्रा किया करते थे। परन्तु अब जैसे जैसे सरकार ट्रेन में सामान्य श्रेणी व स्लीपर क्लास डिब्बों की संख्या कम कर ,ए सी कोच बढ़ाती जा रही है वैसे वैसे स्लीपर व सामान्य श्रेणी के यात्रियों की समस्याओं में इजाफा होता जा रहा है।

हालात तो अब ऐसे हो रहे हैं कि स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट कन्फर्म न हो पाने वाले यात्री हों या सामान्य श्रेणी यात्री, अब वे सीधे ए सी क्लास रुख करते हैं। वे टिकट निरीक्षक को कुछ नजराना थमा कर स्वयं को वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने के लिये अधिकृत यात्री मान लेते हैं। उसके बाद ए सी कोच और उसके अधिकृत यात्रियों को जिस दुर्दशा का सामना करना पड़ता है उसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती।

# गुरु घंटाल के चेले चपाटे

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**कौआ एक:** क्या बात है बहुत प्रसन्न दिख रहे हो?

कौआ दो: खुश क्यों न होऊं बात ही ऐसी है!

कौआ एक: कहीं तुम गुरु घंटाल सम्मान पर तो नहीं हंस रहे?

**कौआ दो:** बिलकुल ठीक पहचाना। देखो गुरु घंटाल ने अपने नाम का सम्मान दिया भी तो किसको दिया, जिसकी भाषा हमको आती नहीं!

**कौआ एक:** लेकिन वो लिखता तो हिंदी में ही तो है।

**कौआ दो:** वही तो! उर्दू में लिखता तो हमें खाक समझ आता। वह तो उर्दू से हिंदी में रचनाएं अनुवाद कर करके लिखता है। पता नहीं कौनसी रचना मूल है और कौनसी अनुदित। तभी कौओं को गुरु घंटाल की दिव्यवाणी सुनाई दी। उन्होंने कहा - यह सम्मान उसकी रचनाओं के लिए नहीं हमें बेवकूफ बनाने के लिए दिया गया है।

**दोनों कौए एक साथ:** बेवकूफ बनाने के लिए! कुछ समझे नहीं।

**गुरु घंटाल:** अरे मूर्खो! तुम लोग तो मेरा लिखा ही पहचान नहीं पाते। दूसरों का खाक पहचानोगे। जिस तरह मैंने बैंकों की तर्ज पर लिखे उपन्यास की कॉपी कर अपने कार्यक्षेत्र के बारे में लिखा ठीक उसी तरह उसने उर्दू से कॉपी कर थोड़ा हेर फेर के साथ अपने नाम से हिंदी में लिख दिया।

**कौआ एक:** चलो मानते हैं कि हम आंख मूंदकर आपके पीछे हौआ हौआ करते हैं, लेकिन समाचार पत्र के संपादक तो समझदार होते हैं। उनकी नजर से वो कैसे बचकर निकल गया?

**गुरु घंटाल:** यही संदेह मुझे भी हुआ। एक दिन मैंने उससे पूछ डाला कि संपादक तुमको पकड़ते नहीं क्या? तो उसने बताया - ऐसा करने का आइडिया संपादकों ने ही तो दिया है। एक दिन मैंने उन्हें अनुदित रचना भेजी। आरंभ में मेरा नाम और अंत में मूल रचनाकार का नाम लिख दिया। स्थान की कमी के कारण संपादक ने अंत में कुछ लाइनें निकाल डाली। अगले दिन मेरे नाम से छप गई। कमाल की बात यह थी कि किसी को रचना पर संदेह भी नहीं हुआ। तब से मैं इसी तरह की कलाबाजी दिखाकर वाह वाही बटोरते रहता हूं। वो तो मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मेरा जन्म ऐसे समय में हुआ जहां लोग अपने हिंदी के रचनाकारों को ही नहीं पढ़ते।

